# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**ANNUAL EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (085)**
**SET – 2**

Class: VII  Duration : 3.00 Hrs
Date : 18.03.2026  Max. Marks: 80
Admission No.:  Roll No.:

---

सामान्य निर्देश 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 22 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप- भाग 'क' : अपठित गद्यांश 14 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण 17 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक 24 अङ्क
भाग 'घ' : लेखन- कौशल 25 अङ्क

---

खंड क (अपठित बोध ) ( 14 अंक)

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

भारत में छह ऋतुएँ बारी-बारी से आती है और हमारे देश की धरती का श्रृंगार करती हैं। वसंत ऋतु एक ऐसी ऋतु है जिसे ऋतुराज कहा जाता है। इस समय मौसम बहुत सुहावना होता है। इस समय , न अधिक गरमी होती है, न अधिक सरदी। शीतल और सुगंधित बयार रंग-बिरंगी कुसुमावलि, भौरों की गूँजार, बौर आए आमों में कोकिलों की कूक मन को प्रफुल्लित कर देती है। बसंत ऋतु का महत्वपूर्ण दिन है- बसंत पंचमी। बसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। अतः इस दिन सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दिन लोग पीले वस्त्र पहनते हैं। पीले चावल और केसरिया खीर का भोजन करते हैं। इस समय सरसों के पीले फूल खिले हुए ऐसे लगते हैं मानो धरती ने पीली ओढ़नी ओढ़ रखी है। बसंत पंचमी तो ऋतु के आने का संकेत देती है लेकिन होली बसत के पूर्व आगमन पर उनका स्वागत करती हैं | पूरी धरती रंग बिरंगे फूलों से रंगीन हो जाती है |

**(i)** वसंत ऋतु को किस नाम से जाना जाता है? **[1]**

**(a)** ऋतुदेव  **(b)** ऋतुराज
**(c)** ऋतुपति  **(d)** ऋतुश्रेष्ठ

**(ii)** बसंत पंचमी के दिन किस देवी की पूजा की जाती है? **[1]**

**(a)** लक्ष्मी  **(b)** पार्वती
**(c)** सरस्वती  **(d)** दुर्गा

**(iii)** वसंत ऋतु में धरती किस रंग की ओढ़नी ओढ़े हुई प्रतीत होती है? **[1]**

**(a)** हरी  **(b)** लाल
**(c)** सफेद  **(d)** पीली

**(iv)** वसंत ऋतु का मौसम कैसा होता है? **[2]**

**(v)** होली का वसंत ऋतु से क्या संबंध बताया गया है? **[2]**

**प्रश्न.2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-**

एक दिन अमीर आदमी बीरबल के पास आया। उसने बीरबल से कहा, "मेरे यहाँ सात नौकर हैं। उनमे से किसी ने मोतियो से भरा मेरा बटुआ चुरा लिया है। कृपया आप मेरी मदद कीजिए। और उस चोर को खोज निकालिए।" बीरबल उस अमीर के घर गए। उन्होने सातो नौकरो को एक कमरे मे बुलाकर कहा, "देखो! मेरे पास सात जादुई छड़ियाँ है। इस समय इन सभी छड़ियो की लम्बाई समान है। मैं तुममे से हर एक को एक एक छड़ी देता हूँ। तुममे से जिसने चोरी की होगी उसकी छड़ी बढ़ जाएगी।"

जिस नौकर ने बटुआ चुराया था वह बीरबल की बात सुनकर बहुत भयभीत हो गया। उसने सोचा! "मैं अपनी छड़ी काटकर एक इंच छोटी कर देता हूँ। तो बच जाऊँगा!" अंत में उसने अपनी छड़ी काटकर एक इंच छोटी कर दी अगले दिन बीरबल ने एक एक कर सातो नौकरो की छड़ियाँ देखी। उनमे से एक की छड़ी एक इंच छोटी थी बीरबल उसकी ओर उगँली से इशारा करते हुए बोले, ये रहा चोर! यह सुनते ही उस नौकर ने अपना अपराध स्वीकार किया उसने मोतियों से भरा बटुआ अपने मालिक को लौटा दिया। फिर उसे जेल भेज दिया गया।

**(i)** अमीर आदमी बीरबल के पास क्यों आया? [1]

**(a)** नौकरी देने के लिए **(b)** बटुआ खो जाने के कारण

**(c)** मोतियों से भरा बटुआ चोरी होने के कारण **(d)** झगड़ा सुलझाने के लिए

**(ii)** बीरबल ने नौकरों को क्या दिया? [1]

**(a)** सिक्के **(b)** जादुई छड़ियाँ

**(c)** बटुए **(d)** कपड़े

**(iii)** चोर की पहचान कैसे हुई? [1]

**(a)** उसने खुद बता दिया **(b)** उसकी छड़ी सबसे लंबी थी

**(c)** उसकी छड़ी एक इंच छोटी थी **(d)** वह भाग गया था

**(iv)** चोर ने अपनी छड़ी एक इंच छोटी क्यों कर दी? [2]

**(v)** इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है? [2]

## <u>**खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)** ( 17 अंक)</u>

**प्रश्न.3 समास और संधि पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (कोई दो)** **[2]**

**(i)** द्विगु समास का एक उदाहरण लिखिए |

**(ii)** 'लंबा है उदर जिसका' का समस्त पद बनाइए|

**(iii)** सुर + ईश= शब्दों की संधि कीजिए|

**(iv)** नर +इंद्र = शब्दों की संधि कीजिए|

**प्रश्न.4 विलोम और पर्यायवाची शब्दों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** पुत्र का पर्यायवाची शब्द लिखिए **|**

**(ii)** <u>जगत</u> के हर कोने भारतीय रहते हैं **|(**रेखांकित शब्द का पर्यायवाची लिखिए**)**

**(iii)** मैं जानती हूँ कि तुम्हारा हृदय <u>कठोर</u> नहीं है **| (**रेखांकित शब्द का विलोम लिखिए**)**

**(iv**) सुगंध का विलोम शब्द लिखिए**|**

**प्रश्न.5 क्रिया- विशेषण और संबंध -बोधक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** स्थानवाचक क्रिया -विशेषण का एक उदाहरण दीजिए |

**(ii)** मैं प्रतिदिन दौड़ता हूँ || (क्रिया विशेषण शब्द पहचानिए )

**(iii)** बच्चा चाँद की ओर देख रहा है | (संबंध -बोधक शब्द पहचानिए)

**प्रश्न.6 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** 'अनुशासन' शब्द में उपसर्ग और मूल बताइए |

**(ii)** 'वान' प्रत्यय से से एक शब्द बनाइए |

**(iii)** 'मूल्यवान' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइए |

**प्रश्न.7 काल और वाक्य पर आधारित प्रश्नों उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** कल बहुत बारिश हुई थी | (काल का नाम बताइये)

**(ii)** वह पत्र लिखता है | (काल का नाम बताइये)

**(iii)** मंद -मंद हवा चल रही है | (अर्थ के आधार पर वाक्य का नाम बताइये )

**(iv)** आपका दादा जी कहाँ रहते हैं? (अर्थ के आधार पर वाक्य का नाम बताइये )

**प्रश्न.8 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए - अभिनेता , सेठानी

**(ii)** दिए गए शब्दों के वचन बदलिए – कविता, रुपया

**(iii)** वचन किसे कहते हैं?

**प्रश्न.9 दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:-** **[1]**

**(i)** ईश्वर को न मानने वाला -

**(ii)** जिसके आने की तिथि न हो

**प्रश्न.10 वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियाँ और विराम चिह्नों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** दिए गए शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए :- क्षत्रीय, शक्ती

**(ii)** वाह क्या बात है (सही विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए)

**(iii)** यह ट्रेन कहाँ जा रही है (सही विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए)

**प्रश्न.11 मुहावरों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **[2]**

**(i)** 'खून-पसीना एक करना' मुहावरे का अर्थ बताइए |

**(ii)** 'अंग-अंग ढीला होना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए |

**(iii)** आग बबूला होना मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए|

**खंड ग (पाठ्यपुस्तक )** ( 24 अंक)

**प्रश्न.12 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :-** **[5]**

दीनू काका बहुत ही भले इनसान हैं। उनके घर में और कोई नहीं है,न पत्नी और न ही बच्चे| बगीचे की देखभाल से उन्हें जो पैसे मिलते हैं, उसे अधिकतर अपने माता-पिता के पास भेज देते हैं। आजकल वे बहुत बीमार है, इसलिए हम सब बच्चे बगीचे की देखभाल करते हैं तथा सुबह-शाम कोई न कोई उनके घर खाना पहुँचा देता है। शायद आज मम्मी की बारी होगी तभी मुझे----। खैर, आज में उन्हें खाना देने जैसे ही उनके घर पहुँचा, तो एक सेठ उनको धमकाते हुए कह रहा था, "देखो, मुझे तुम्हारी कोई बात नहीं सुननी, तुम यह घर चुपचाप खाली कर दो वरना अच्छा नहीं होगा।" और यह कहकर वह पैर पटकते हुए वहाँ से चला गया। दीनू काका सिर पर हाथ रखकर बैठ गए। मैंने चुपचाप खाना रखा और वापस आ गया।

शाम को मैंने इस घटना की जानकारी अपने साथियों को दी। सभी सुनकर परेशान तो हुए, लेकिन किसी की समझ में नहीं आ रहा था कि क्या किया जाए **?**

**(i) प्रस्तुत पक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं**?

**(a)** हमारे दीनू काका **(b)** पंच परमेश्वर

**(c)** खुशबू आज भी याद है **(d)** परीक्षा

**(ii) दीनू काका अपने बगीचे से मिलने वाले पैसों का क्या करते थे**?

**(a)** अपने लिए बचाकर रखते थे **(b**) बच्चों को दे देते थे

**(c)** अपने माता-पिता को भेज देते थे **(d)** सेठ को दे देते थे

**(iii) दीनू काका इन दिनों क्यों परेशान थे**?

**(a)** नौकरी छूट जाने के कारण **(b)** घर खाली कराने की धमकी के कारण

**(c)** बच्चों से झगड़ा होने के कारण **(d)** पैसों की चोरी के कारण

**(iv) दीनू काका की बीमारी के समय बच्चे क्या कर रहे थे**?

**(a)** बगीचे की देखभाल और भोजन पहुँचाना **(b)** स्कूल जाना बंद कर दिया

**(c)** सेठ से झगड़ा करना **(d)** घर छोड़कर चले जाना

**(v) कथन** (A) **और कारण** (R) **को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**-

कथन **(A):** दीनू काका सिर पर हाथ रखकर बैठ गए|

कारण **(R):** क्योंकि सेठ ने उन्हें घर खाली करने की धमकी दी थी।

**(a)** कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

**(b**) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

**(c)** कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

**(d)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

**प्रश्न.13 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[4]**

**(i)** लेखक ने ताजवीर को अपना पक्का दोस्त क्यों कहा है**?**

**(ii)** खिलाडियों ने किसान की मदद क्यों नहीं की**?**

**(iii)** धरती अपने को रत्नों की खान क्यों कहती है **?**

**(iv)** बाबा भारती ने खड्गसिंह से क्या प्रार्थना की और क्यों**?**

**प्रश्न.14 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए** : **(कोई एक)** **[3]**

(**i**) नीलू में ऐसे कौन से गुण थे **,**जिन्हें व्यक्ति अपनाए **,** तो श्रेष्ठ समाज की रचना हो सकती है **?**

**(ii)** यदि आपको किसी रियासत का दीवान बना दिया जाए **,** तो आप किन **-**किन बातों का ध्यान रखेंगे **?**

**प्रश्न.15 दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :-** **[5]**

कहन लागे मोहन मैया-मैया।
नंद महर सौं बाबा-बाबा, अरु हलधर सौं भैया॥
ऊँचे चढ़ि-चढ़ि कहति जसोदा, लै लै नाम कन्हैया।
दूरि खेलन जनि जाहु लला रे, मारैगी काहु की गैया॥
गोपी-ग्वाल करत कौतूहल, घर-घर बजति बधैया।
सूरदास प्रभु तुम्हरे दरस कौ, चरननि की बलि जैया॥

**(i) मोहन किसे** '**मैया-मैया**' **कहकर पुकारते हैं**?

**(a)** राधा को **(b)** यशोदा को

**(c)** नंद महर को **(d)** गोपियों को

**(ii) मोहन** '**बाबा-बाबा**' **किसे कहते हैं**?

**(a)** हलधर को **(b)** गोपियों को

**(c)** नंद महर को (**d)** ग्वालों को

**(iii) यशोदा ऊँचे चढ़-चढ़कर क्या कहती हैं**?

**(a)** गोपियों को बुलाती हैं **(b)** कन्हैया का नाम लेती हैं

**(c)** गायों को पुकारती हैं **(d)** ग्वालों को डाँटती हैं

**(iv) कवि सूरदास किसके दर्शन की कामना करते हैं**?

**(a)** यशोदा के **(b)** नंद महर के

**c)** गोपियों के **(d)** प्रभु श्रीकृष्ण के

**(v**) **निम्न कथन** (A) **और कारण** (B) **को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**-

**कथन (A):** यशोदा ऊँचे चढ़-चढ़कर कन्हैया का नाम लेती हैं।

**कारण (R):** क्योंकि बालक कृष्ण खेलते-खेलते दूर न चले जाएँ और किसी की गाय को न मार दें।

**(a)** कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

**(b**) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

**(c)** कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

**(d)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

**प्रश्न.16 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[4]**

**(i)** कवि सूर्य की विजय से दुखी क्यों हो गया**?**

**(ii)** कवि की आँख में तिनका कैसे पड़ गया**?**

**(iii)** बालकृष्ण अपने भैया बलदाऊ से क्यों नाराज है **?**

**प्रश्न.17 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए** : **(कोई एक)** **[3]**

**(i)** हम ऐसे कौन-कौन से काम करें कि यह धरती पेड़ -पौधों और जीव-जंतुओं के लिए स्वर्ग बन जाए**?**

**(ii)** नव किरण **,** बादल दल और पक्षी रवि की सवारी का स्वागत किस प्रकार करते हैं **?**

<u>(लेखन-कौशल) ( 25 अंक)</u>

**प्रश्न.18 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :-** **[5]**

**(i)** मेरा प्रिय मित्र **(ii)** प्रदूषण की समस्या **(iii**) अनुशासन का महत्व

**प्रश्न.19 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन लिखिए:-** **[5]**

(**i)** अप्सरा पेंसिल **(ii)** उत्सव छाता **(iii)** डेयरी आइसक्रीम

**प्रश्न.20 निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर पत्र अथवा सूचना लेखन लिखिए :-** **[5]**

(i) आपके मित्र को संगीत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला है | मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखिए

**अथवा**


(ii) आपका क्रिकेट बैग की किट विद्यालय में गुम हो गई है | इसके लिए सूचना तैयार कीजिए |

**प्रश्न.21 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 शब्दों संवाद लिखिए :-** **[5]**

(i) पतंग उड़ाने को लेकर दो मित्रों के बीच संवाद

(ii) दुबई में पिकनिक में जाने के लिए पिता -पुत्र के बीच संवाद

**प्रश्न.22 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए |** **[5]**



================================ समाप्त ================================